Roll No.
रोल नं.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

**Series SHC** **Code No.** कोड नं. **58/1**

- Please check that this question paper contains 8 printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the condidate.
- Please check that this question paper contains 24 questions.
- Please write down the serial number of the question before attempting it.
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 8 हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 24 प्रश्न हैं।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।

# ECONOMICS
# अर्थशास्त्र

*Time allowed : 3 hours* — *Maximum Marks: 100*

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* — *अधिकतम अंक : 100*

***Note :***

*(i)* *All questions in both the sections are compulsory,*

*(ii)* *Marks for questions are indicated against each.*

*(iii)* *Questions No.* ***1*** *and* ***13*** *are very short-answer questions carrying* ***1*** *mark for each part. They are required to be answered in one sentence each.*

*(iv)* *Questions No.* ***2-5*** *and* ***14-17*** *are short-answer questions carrying* ***3*** *marks each. Answers to them should normally not exceed* ***60*** *words each.*

*(v)* *Questions No.* ***6-9*** *and* ***18 -21*** *are also short-answer questions carrying* ***4*** *marks each. Answers to them should normally not exceed* ***70*** *words each.*

*(vi)* *Questions No.* ***10-12*** *and* ***22-24*** *are long-answer questions carrying* ***6*** *marks each. Answers to them should normally not exceed* ***100*** *words each.*

*(vii)* *Answers should be brief and to the point and the above word limits should be adhered to as far as possible.*

*(viii)* *All parts of a question should be answered at one place.*

***नोट :***

*(i)* *दोनों खण्डों के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।*

*(ii)* *प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक उसके सामने दिए गए हैं।*

*(iii)* *प्रश्न संख्या* ***1*** *तथा* ***13*** *अति लघूत्तरात्मक प्रश्न हैं जिनका प्रत्येक भाग* ***1*** *अंक का है। इनका उत्तर केवल एक वाक्य में ही दिया जाना है।*

*(iv)* *प्रश्न संख्या* ***2-5*** *और* ***14-17*** *लघूत्तरात्मक प्रश्न हैं जिनमें प्रत्येक के* ***3*** *अंक हैं। प्रत्येक का उत्तर सामान्यतः* ***60*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।*

(v) *प्रश्न संख्या **6-9** और **18-21** भी लघूत्तरात्मक प्रश्न हैं जिनमें प्रत्येक के **4** अंक हैं। प्रत्येक का उत्तर सामान्यतः **70** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।*

(vi) *प्रश्न संख्या **10-12** और **22-24** व्याख्यात्मक उत्तर वाले प्रश्न हैं जिनमें प्रत्येक के **6** अंक हैं। प्रत्येक का उत्तर सामान्यतः **100** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।*

(vii) *उत्तर संक्षिप्त तथा तथ्यात्मक होने चाहिए तथा यथासंभव ऊपर दी गई सीमा के अंतर्गत ही दिए जाएँ।*

(viii) *प्रत्येक प्रश्न के सभी भागों का उत्तर एक ही स्थान पर दिया जाना चाहिए।*

## SECTION A
## खण्ड अ

**1.** Answer the following questions : 1×4 = 4

(i) Give two reasons for the problem of choice.

(ii) Give one reason for a rightward shift of the Production Possibility Curve,

(iii) Give two examples of microeconomic studies.

(iv) What does the problem 'for whom to produce' refer to ?

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) दो कारण दीजिए जो चुनाव की समस्या को जन्म देते हैं।

(ii) एक कारण बताइए जिससे उत्पादन संभावना वक्र दायीं ओर खिसक जाता है।

(iii) व्यष्टि अर्थशास्त्रीय अध्ययन के दो उदाहरण दीजिए।

(iv) 'किसके लिए उत्पादन करें' की समस्या से क्या आशय है ?

**2.** Explain the effect of rise in the prices of related goods on the demand of a good. 3

सम्बन्धित वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि के वस्तु की माँग पर प्रभाव की व्याख्या कीजिए।

**3.** State three causes of decrease in supply. 3

पूर्ति के घटने (decrease) के तीन कारण बताइए।

**4.** Explain the relation between marginal revenue and total revenue. 3

तुलनात्मक राजनीति का विषय-क्षेत्र स्पष्ट कीजिए।

**5.** Draw straight line supply curves with price elasticity of supply equal to (i) one, (ii) less than one and (iii) more than one. 3

पूर्ति की कीमत लोच (i) एक, (ii) एक से कम तथा (iii) एक से अधिक दिखाते हुए सीधी रेखा वाले पूर्ति वक्र खींचिए।

### For Blind Candidates only in lieu of Q. No. 5
### केवल दृष्टिहीन परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 5 के स्थान पर

Distinguish between fixed cost and variable cost and give one example of each.

स्थिर (अचल) लागत और परिवर्तनीय लागत के बीच अंतर बताइए और प्रत्येक का एक उदाहरण दीजिए।

**6.** When price of a good falls by 10 percent, its quantity demanded rises from 40 units to 50 units. Calculate price elasticity of demand by the percentage method. 4

**OR**

A consumer buys 50 units of a good at a price of Rs. 10 per unit. When price falls to Rs. 5 per unit he buys 100 units. Find out price elasticity of demand by the 'Total Expenditure Method'.

जब एक वस्तु की कीमत 10 प्रतिशत गिरती है तो उसकी माँग 40 इकाई से बढ़कर 50 इकाई हो जाती है। प्रतिशत विधि द्वारा माँग की कीमत लोच का परिकलन कीजिए।

**अथवा**

एक उपभोक्ता 10 रु. प्रति इकाई कीमत पर एक वस्तु की 50 इकाइयाँ खरीदता है। जब उसकी कीमत गिरकर 5 रु. प्रति इकाई हो जाती है तो वह 100 इकाइयाँ खरीदता है। 'कुल व्यय विधि' द्वारा माँग की कीमत लोच ज्ञात कीजिए।

**7.** Give meanings of (i) marginal physical product, (ii) marginal cost, (iii) marginal revenue and (iv) supply schedule. 4

(i) सीमांत भौतिक उत्पाद, (ii) सीमांत लागत, (iii) सीमांत संप्राप्ति और (iv) पूर्ति तालिका के अर्थ बताइए।

**8.** Calculate Total Variable Cost and Marginal Cost from the following cost schedule of a firm whose Total Fixed Costs are Rs. 12 : 4

| Output (Unit) | Total Cost (Rs.) |
|---|---|
| 1 | 20 |
| 2 | 26 |
| 3 | 31 |
| 4 | 38 |

एक फर्म की कुल स्थिर (अचल) लागत 12 रु. है। उसकी निम्नलिखित लागत अनूसूची के आधार पर कुल परिवर्तनीय लागत और सीमांत लागत का परिकलन कीजिए :

| उत्पादन (इकाइयाँ) | कुल लागत (रु.) |
|---|---|
| 1 | 20 |
| 2 | 26 |
| 3 | 31 |
| 4 | 38 |

**9.** How is the equilibrium price of a commodity affected by a leftward shift of the demand curve ? Explain with the help of a diagram. 4

एक वस्तु के माँग वक्र के बायीं ओर खिसकने से उसकी संतुलन कीमत कैसे प्रभावित होती है ? एक रेखाचित्र की सहायता से समझाइए।

**For Blind Candidates only in lieu of Q. No.** 9

**केवल दृष्टिहीन परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 9 के स्थान पर**

How is the equilibrium price and quantity of a commodity affected by a decrease in its demand ?

एक वस्तु की माँग कम होने से उसकी संतुलन कीमत और मात्रा कैसे प्रभावित होते हैं ?

**10.** Distinguish between the following : 6

(a) Normal good and Inferior good

(b) Marginal utility and Total utility

(c) Individual demand schedule and Market demand schedule

निम्नलिखित में भेद कीजिए :

(क) सामान्य वस्तु और घटिया वस्तु

(ख) सीमान्त उपयोगिता और कुल उपयोगिता

(ग) व्यक्तिगत माँग अनुसूची और बाजार माँग अनुसूची

**11.** Identify the three phases of the Law of Variable Proportions from the following and also give reason behind each phase : 6

| Unit of Variable Input | Total Physical Product (Unit) |
|---|---|
| 1 | 10 |
| 2 | 22 |
| 3 | 30 |
| 4 | 35 |
| 5 | 30 |

निम्नलिखित से परिवर्तनीय अनुपातों के निमय के तीन चरणों की पहचान कीजिए और प्रत्येक चरण के पीछे कारण भी बताइए :

| परिवर्तनीय आगत की इकाइयाँ | कुल भौतिक उत्पाद (इकाइयाँ) |
|---|---|
| 1 | 10 |
| 2 | 22 |
| 3 | 30 |
| 4 | 35 |
| 5 | 30 |

**12.** Explain briefly the three features of perfect competition. 6

**OR**

Explain the features of monopoly market.

पूर्ण प्रतियोगिता की तीन विशेषताएँ संक्षेप में समझाइए।

**अथवा**

एकाधिकार बाजार की विशेषताएँ समझाइए।

## SECTION B

## खण्ड ख

**13.** Answer the following questions : 1×4

(i) Define macroeconomics.

(ii) Give two examples of the study of aggregates of the economic system.

(iii) List two items of the capital account of balance of payments account.

(iv) What is the difference between the values of exports of goods and imports of goods called ?

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) समष्टि अर्थशास्त्र की परिभाषा दीजिए।

(ii) अर्थव्यवस्था के समग्रों के अध्ययन के दो उदाहरण दीजिए।

(iii) भुगतान संतुलन खाते के पूँजीगत खाते की दो मदें बताइए।

(iv) वस्तुओं के निर्यात और वस्तुओं के आयात के मूल्यों में अंतर को क्या कहते हैं?

**14.** Calculate Personal Income from the following data : 3

| | | *(Rs. crores)* |
|---|---|---|
| (i) | Undistributed profits of corporations | 20 |
| (ii) | Net domestic product accruing to the private sector | 500 |
| (iii) | Corporation tax | 55 |
| (iv) | Net factor income from abroad | (—) 10 |
| (v) | Net current transfers from government | 15 |
| (vi) | National debt interest | 40 |
| (vii) | Net current transfers from the rest of the world | 15 |

निम्नलिखित आँकड़ों से वैयक्तिक आय का परिकलन कीजिए :

| | | (करोड़ रु.) |
|---|---|---|
| (i) | निगमों के अवितरित लाभ | 20 |
| (ii) | निजी क्षेत्र को प्राप्त निवल (शुद्ध) घरेलू उत्पाद | 500 |
| (iii) | निगम कर | 55 |
| (iv) | विदेशों से प्राप्त शुद्ध कारक (साधन) आय | (—) 10 |
| (v) | सरकार से प्राप्त शुद्ध पूँजीतर (चालू) हस्तांतरण | 15 |
| (vi) | राष्ट्रीय ऋण पर ब्याज | 40 |
| (vii) | शेष विश्व से शुद्ध पूँजीतर (चालू) हस्तांतरण | 15 |

**15.** An increase in investment leads to total rise in national income by Rs. 500 crores. If Marginal Propensity to Consume is 09, what is the increase in investment ? Calculate. 3

निवेश में वृद्धि से राष्ट्रीय आय में 500 करोड़ रु. की कुल वृद्धि हुई। यदि सीमांत उपभोग प्रवृत्ति 0.9 हो, तो निवेश में हुई वृद्धि का परिकलन कीजिए।

**16.** Give meanings of (i) aggregate demand, (ii) aggregate supply and (iii) excess demand. 3

(i) समग्र माँग, (ii) समग्र पूर्ति और (iii) माँग आधिक्य के अर्थ बताइए।

**17.** How is foreign exchange rate determined ? Use diagram. 3

विदेशी विनिमय दर का निर्धारण कैसे होता है ? रेखाचित्र का उपयोग कीजिए।

**For Blind Candidates only in lieu of Q. No.** 17

**केवल दृष्टिहीन परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 17 के स्थान पर**

What is foreign exchange market ? How is foreign exchange rate determined in this market ?

विदेशी विनिमय बाजार से क्या अभिप्राय है? इस बाजार में विदेशी विनिमय दर का निर्धारण कैसे होता है ?

**18.** Give meaning of money supply,. State its components. 4

**OR**

Give meaning of money. Explain its 'medium of exchange' function.

मुद्रा पूर्ति का अर्थ बताइए। इसके घटक बताइए।

**अथवा**

मुद्रा का अर्थ बताइए। इसके 'विनिमय के माध्यम' कार्य की व्याख्या कीजिए।

**19.** Explain briefly the 'banker to the government' function of the central bank. 4

केन्द्रीय बैंक का 'सरकार का बैंकर' कार्य संक्षेप में समझाइए।

**20.** Distinguish between 'revenue expenditure' and 'capital expenditure'. Give two examples of each. 4

'राजस्व व्यय' और 'पूँजीगत व्यय' के बीच अंतर बताइए। प्रत्येक के दो-दो उदाहरण दीजिए।

**21.** Distinguish between 'fiscal deficit' and 'revenue deficit'. What does fiscal deficit indicate ? 4

'राजकोषीय घाटा' और 'राजस्व घाटा' के बीच अंतर बताइए। राजकोषीय घाटा क्या दर्शाता है?

**22.** Calculate Gross National Product at Market Price and Net National Disposable Income from the following data : 4, 2

| | | *(Rs. crores)* |
|---|---|---|
| (i) | Current transfers from government | 25 |
| (ii) | Compensation of employees | 600 |
| (iii) | Net current transfers from the rest of the world | 20 |
| (iv) | Rent | 100 |
| (v) | Consumption of fixed capital | 50 |
| (vi) | Interest | 120 |
| (vii) | Net indirect tax | 110 |
| (viii) | Profit | 80 |
| (ix) | Mixed income of the self-employed | 200 |
| (x) | Net factor income from abroad | (—) 10 |

निम्नलिखित आँकड़ों से बाजार मूल्य पर सकल राष्ट्रीय उत्पाद और निवल राष्ट्रीय प्रयोज्य आय का परिकलन कीजिए :

| | | *(करोड़ रु.)* |
|---|---|---|
| (i) | सरकार से पूँजीतर (चालू) हस्तांतरण | 25 |
| (ii) | कर्मचारियों का पारिश्रमिक | 600 |
| (iii) | शेष विश्व से निवल पूँजीतर (चालू) हस्तांतरण | 20 |
| (iv) | किराया | 100 |
| (v) | स्थिर (अचल) पूँजी का उपभोग | 50 |
| (vi) | ब्याज | 120 |
| (vii) | निवल अप्रत्यक्ष कर | 110 |
| (viii) | लाभ | 80 |
| (ix) | स्व-नियोजितों की मिश्रित आय | 200 |
| (x) | विदेशों से निवल कारक आय | (—) 10 |

**23.** Explain the 'expenditure' method of estimating national income. 6

**OR**

Explain the term 'compensation of employees' and its components. Giving reasons, state whether the following are treated as compensation of employees :

(i) Gifts by employers

(ii) Bonus

राष्ट्रीय आय के आकलन की 'व्यय' विधि समझाइए।

**अथवा**

'कर्मचारियों के पारिश्रमिक' की अवधारणा और इसके घटक समझाइए। कारण देते हुए बताइए कि निम्नलिखित को कर्मचारियों का पारिश्रमिक माना जाएगा या नहीं :

(i) नियोजकों द्वारा कर्मचारियों को उपहार

(ii) बोनस

**24.** What is 'deficient demand' in macroeconomics ? Show it on a diagram. Explain the role of open market operations in correcting it. 6

समष्टि अर्थशास्त्र में 'माँग के अभाव' से क्या अभिप्राय है? इसे एक रेखाचित्र पर दिखाइए। इसे दूर करने में खुले बाजार की प्रक्रियाओं की भूमिका समझाइए।

**For Blind Candidates only in lieu of Q. No.** 24

**केवल दृष्टिहीन परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 24 के स्थान पर**

Distinguish between 'deficient demand' and 'excess demand' in macroeconomics. Explain the role of open market operations in correcting deficient demand.

समष्टि अर्थशास्त्र में 'माँग का अभाव' और 'माँग आधिक्य' के बीच अंतर बताइए। माँग का अभाव दूर करने में खुले बाजार की प्रक्रियाओं की भूमिका समझाइए।